दिनांक 7 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव ने सुपेला शीतला तालाब का किया निरीक्षण, बेतरतीब गहरीकरण पर जताई नाराजगी, मौके पर ही सहायक अभियंता को निलंबित करने के दिए निर्देश

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव द्वारा आज भरी दोपहरी में सुपेला शीतला तालाब के भीतर जाकर बारीकी से निरीक्षण किया! जहां पर वार्ड पार्षद धनेश्वरी साहू एवं मोहल्ले वासी मौजूद थे!श्री यादव ने वार्ड पार्षद एवं मोहल्ले वासी की पूरी बात गंभीरता से सुनी एवं मोहल्ले वासियों ने अवगत कराया की तालाब के कुछ हिस्सों में खनन कार्य ज्यादा गहराई तक किया जा रहा है जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की अनहोनी की आशंका हो सकती है! जिस पर श्री यादव द्वारा उपस्थित जोन आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि बेतरतीब खनन न हो, आवश्यकता अनुरूप ही कार्य करावे, बारिश से पूर्व काम हो जाए क्योंकि बारिश नजदीक है , जितना शीघ्र हो सकता है कार्य पूर्ण करें, किए जा रहे कार्यों को वार्ड समिति के माध्यम से उन्हें अवगत कराते हुए कराएं एवं पार्षद से भी सलाह मशवरा जरूर ले एवं जरूरी जानकारी समय-समय पर वार्ड पार्षद को देते रहें, मोहल्ले वासियों के मांग के आधार पर कार्य करें , गहरीकरण सभी तरफ एक जैसा हो इसका ध्यान रखें, हर दो-तीन दिन में मुझे कार्य से अवगत करावे! तालाब के बेतरतीब गहरीकरण को लेकर श्री यादव ने गहरी नाराजगी जताई, कहा कि तालाब का गहरीकरण कार्य करने वाले ठेकेदार/एजेंसी या जिसने भी कार्य लिया है को तत्काल नोटिस देवे जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जावेगी , पूरी विवरण तैयार कर अवगत करावे , कार्य में लेटलतीफी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी! तालाब गहरीकरण का कार्य इंजीनियर के मार्गदर्शन में होना चाहिए परंतु संबंधित इंजीनियर ने कभी कार्य का निरीक्षण नहीं किया, जिसे निलंबित किया जाना ही उचित होगा, जिसके लिए आयुक्त एसके सुंदरानी को मौके पर ही निर्देश दिए गए जिस पर आयुक्त महोदय द्वारा तत्काल उप अभियंता आलोक पसीने को निलंबित कर दिया ! श्री यादव ने सहायक अभियंता सुनील दुबे को तालाब गहरीकरण कार्य गुणवत्ता पूर्वक सही समय पर करवाने के निर्देश दिए गए! निरीक्षण के दौरान वार्ड की पार्षद श्रीमती धनेश्वरी साहू, जोन आयुक्त जोन क्रमांक 1 बीके देवांगन, सहायक अभियंता सुनील दुबे व उप अभियंता आलोक पसीने सहित मोहल्ले के निवासी उपस्थित रहे!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है
जल ही जीवन है